पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने रक्षाबन्धन पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी

लखनऊः 18 अगस्त, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि राखी का धागा न केवल भाई–बहन के रिश्ते की पवित्रता का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए भी एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कामना की है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे।

राज्यपाल जी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अहम योगदान देकर देश को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित वातावरण बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9453005360